

घंटाघर में चीन का पुतला जलाते हुए पूर्व सैनिक।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 चिकित्सक राज्य को मिले : स्वास्थ्य सचिव

**संवाददाता** देहरादून। सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय संयुक्त चिकित्सालय रामनगर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिकियासैंण का कार्य पीपीपी मोड पर संचालित होने से इन चिकित्सालयों में कार्यरत 17 चिकित्सक राज्य को मिल गये हैं। इसमें 7 विशेषज्ञ चिकित्सक भी शामिल है। इन चिकित्सकों की तैनाती उन अस्पतालों में की जायेगी जहां चिकित्सकों की कमी है। ये दोनों चिकित्सालय विश्व बैंक परियोजना के तहत पीपीपी मोड पर संचालित हो रहे हैं।

### माकपा का परिवहन में किराया वृद्धि के खिलाफ 22 को विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य की भाजपा सरकार पर कोरोना वायरस कोविड 19 की आड मे परिवहन किराया दो गुना करने की कडे शब्दों मे निन्दा की है और इसके विरोध में 22 जून को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। यहां पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में यह निर्णय लिया गया तथा पहले से ही पीड़ित जनता पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालना सरकार का जनविरोधी कदम है।

### मोदी पत्र को घर–घर व दुकानों में किया वितरित

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा रईस अंसारी के नेतृत्व में 'किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र' कावितरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र धामावाला में घर–घर जाकर व दुकानों पर वितरण कर संकल्प लिया। इस अवसर पर रईस अंसारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

### राष्ट्रपति व चीनी सरकार का फूंका पुतला

**संवाददाता** देहरादून। पीबीओआर पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन से जूडे हुए पूर्व सैनिकों ने गलवान घाटी में भारत चीन सीमा पर चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर धोखे से किये गये कायराना हमला किये जाने व 20 जवानों को शहीद किये जाने के विरोध में चीन सरकार व राष्ट्रपति का पुतला फूंका और कहा कि चीन के सामानों का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जायेगा। यहां घंटाघर के समीप एसोसिएशन के केन्द्रीय अध्यक्ष सेनि शमशेर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पूर्व सैनिक इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने चीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी के बीच प्रदर्शन का चीन सरकार व राष्ट्रपति का पुतला फूंका।

## उत्तराखंड में तेजी से मरीज हो रहे हैं स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में जिस तेजी से कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ रहा है, उसी तेजी से मरीज स्वस्थ भी हो रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर दो बजे तक कोरोना के 25 नए मामले सामने आए, जबकि 37 मरीज स्वस्थ होकर अस्पताल से अपने घर चले गए। इसी के साथ प्रदेश में रिकवरी रेट भी 66.90 फीसद पर पहुंच गया है। बता दें कि प्रदेश में अब तक कोरोना के 2127 मामले आए हैं। जिनमें 1423 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश में 663 एक्टिव केस हैं। कोरोना संक्रमित 26 लोगों की मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा कोरोना पॉजिटिव 15 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं। आज आए कोरोना मरीजों में अल्मोड़ा के 11, देहरादून के चार, हरिद्वार में सात और टिहरी में तीन लोग शामिल हैं। कहने को देहरादून प्रदेश की राजधानी है, पर सिस्टम का ढर्रा ऐसा कि किसी दुरुह क्षेत्र में भी नहीं होगा। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश स्तर पर जारी हेल्थ बुलेटिन में 28 लोगों के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी दी गई। एक समय कोरोना मुक्त हो चुके अल्मोड़ा में अब मरीजों का सैकड़ा पूरा हो चुका है। टिहरी के बाद यह दूसरा ऐसा पर्वतीय जिला है, जहां सौ या उससे ज्यादा कोरोना के मरीज आए हैं।

# 2024 से पूर्व हमें ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में जल पहुंचानाः सीएम

**समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने 'जल जीवन मिशन' की समीक्षा की | पानी की उपलब्धता के साथ ही शुद्धता का भी रखे ध्यान | पेयजल, राजस्व एवं वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में 'जल जीवन मिशन' की समीक्षा की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 'जल जीवन मिशन' के तहत होने वाले कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाय। 2024 से पूर्व हमें ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में जल पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष का टारगेट बनाया जाये। पानी की उपलब्धता के साथ ही शुद्धता का भी पूरा ध्यान रखा जाय। ऐसे क्षेत्र चिन्हित किये जाय, जहां पानी की गुणवत्ता सही नहीं हैं, उन क्षेत्रों के लिए पूरा प्लान भी बनाया जाय। इस मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए पेयजल, राजस्व एवं वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर इस मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य पूरा करें।



'जल जीवन मिशन' के तहत अगले 02 वित्तीय वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत तक पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष 03 लाख 58 हजार 880 घरों को इस मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उपलब्ध कराने के लिए 90 प्रतिशत धनराशि केन्द्र सरकार एवं 10 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार द्वारा दी जायेगी। इस मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2020–21 में रेट्रोफिटिंग एवं नई स्कीम के तहत कुल 1465 करोड़ रूपये के कार्य किये जायेंगे।

अर्द्ध नगरीय क्षेत्रों के लिए घरों में प्रतिदिन 16 घण्टे पेयजल की उपलब्धता के लिए 22 अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में कार्य किये जा रहे हैं। इस प्रोजक्ट के तहत 96797 घरों को लाभ मिलेगा। यह प्रोजक्ट 877.50 करोड़ रूपये का है। इस प्रोजक्ट के तहत 22 में से 12 स्कीम पर कार्य शुरू हो गये हैं।

बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, सचिव नितेश झा, श्रीमती सौजन्या, एमडी स्वजल उदयराज एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बसों के किराये में बढ़ोत्तरी को वापस ले राज्य सरकार

**निंदा**

■कांग्रेस राज्य सरकार के इस फैसले की निंदा करती है

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने राज्य में बसों के किराए में हुई बढ़ोत्तरी की निंदा करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने की मांग सरकार से की है और कहा कि इसके लिए आंदोलन चलाया जायेगा।

कांग्रेस भवन में टीवी चैनलों को अपनी बाईट देते हुए प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस राज्य सरकार के इस फैसले की निंदा करती है और उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बस संचालकों की आर्थिक मदद करनी चाहिए और पिछले तीन माह से राज्य में कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए बसों का संचालन पूरी तरह से ठप्प रहा और अब राज्य सरकार ने एक बार फिर से जन विरोधी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जन विरोधी निर्णय ले रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि एक ओर जनता कोरोना वायरस कोविड 19 से परेशान है और दूसरी और अब राज्य सरकार बस संचालकों की मदद करने के बजाय किराये में बढ़ोत्तरी कर दी है जो चिंताजनक है और जनता पर ही दोहरी मार डाल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने इस फैसले को वापस ले। उन्होंने कहा कि एक तरफ पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाये जा रहे है और दूसरी तरफ बसों का किराया दो गुना कर दिया गया है जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शीघ्र ही बसों के किराये में बढ़ोत्तरी को वापस नहीं लिया तो जनता को लामबंद करते हुए सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा।

### कैंट विधानसभा में वितरित किये खाद्यान्न किट

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह द्वारा आज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन पर महानगर कांगेस कमेटी देहरादून के सहयोग से कोरोना महामारी के बचाव हेतु देहरादून महानगर के कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नं0 41 इन्दिरापुरम में जरूरतमंदों की सहायता हेतु खाद्यान्न किट एवं मास्क आदि सामग्री वितरित की गई। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नं0 41 इन्दिरापुरम में जरूरतमंदों की सहायता हेतु खाद्यान्न किट एवं मास्क आदि वितरित किये। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते कई लोगों का रोजगार समाप्त हो गया है।

## 3 हाईटेक टेस्टिंग मशीन क्रय करने के लिये 11.25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कोविड–19 के दृष्टिगत प्रदेश में कोविड टेस्टिंग बढ़ाने के लिये दून, हल्द्वानी व श्रीनगर मेडिकल कालेज के लिये 3 हाईटेक टेस्टिंग मशीन क्रय करने के लिये 11.25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि राज्य आपदा मोचन निधि से स्वीकृत की गई है। क्रय की जाने वाली इन हाईटेक मशीनों की टेस्टिंग क्षमता 800 प्रति दिन है। इस प्रकार इससे 2400 टेस्टिंग प्रतिदिन हो सकेगी। अभी तक इन मेडिकल कालेजों में स्थापित मशीनों की टेस्टिंग क्षमता कम थी। इसके अतिरिक्त प्रदेश से 50 से 100 सेम्पल जांच के लिए चण्डीगढ़ की इम्पेक्ट लेब में भेजे जा रहे हैं। जबकि नई दिल्ली स्थित एनसीडीसी लेब में हरिद्वार से 300, उधमसिंह नगर से 300 तथा नैनीताल से 100 सेम्पल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जबकि लगभग 50 टेस्ट आई.आई.पी की टेस्टिंग लेब में किये जा रहे हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।